दिनांक–12.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision to SITC of VRF system along with audio & video system at Dakshta Bhawan auditorium in the campus of BIPARD Skill Park, Patna कार्य के तकनीकी बीड पर प्राप्त आपत्ति/अनुरोध पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही–

---

उपस्थिति

(i) श्री प्रणव कुमार,
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । – अध्यक्ष

(ii) श्री असीम कुमार,
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । – सदस्य

(iii) श्री असीम कुमार,
मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । – सदस्य

(iv) श्री विकाश कुमार पाण्डेय,
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना । – सदस्य

1. कार्य का नाम– Provision to SITC of VRF system along with audio & video system at Dakshta Bhawan auditorium in the campus of BIPARD Skill Park, Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 2,88,52,932/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग – बिपार्ड, पटना का पत्रांक–4783, दिनांक–04.10.2025
4. तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 2,88,52,932/–
5. परिमाण विपत्र की राशि – रु0 2,86,59,634/–
6. ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 97/2025–26 (विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना)
7. समाचार पत्र में प्रकाशन का प्रसंग – हिन्दुस्तान, दिनांक–24.12.2025
8. प्रकाशन का पी0आर0 संख्या – 020212(BCD)/2025–26
9. ई–निविदा आमंत्रण की तिथि – 22.12.2025
10. प्री–बीड बैठक की तिथि – 06.01.2026
11. ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि–16.01.2026
12. द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का नाम एवं पता–
(i) मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली ।
(ii) मेसर्स कूल केयर होम, पटना ।
(iii) श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना ।
13. दिनांक–06.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही –

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना के पत्रांक–200, दिनांक–27.01.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा से संबंधित उपलब्ध कराये गये तकनीकी बीड अभिलेखों के आलोक में दिनांक–17.04.2026 को हुई विभागीय निविदा समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में एकमात्र निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को वित्त विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में सफल घोषित करने का निर्णय लेते हुए दिनांक–24.04.2026 तक आपत्ति की मांग की गयी थी । तदालोक में निविदादाता मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली के पत्रांक–HREPL/BCD/EWD-3/PATNA/2026/217, दिनांक–23.04.2026 द्वारा आपत्ति समर्पित किया गया है । निविदादाता द्वारा दिए गए आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श किया गया, विमर्शोपरान्त निम्नलिखित मंतव्य एवं अनुशंसा किया गया –

| क्र0 | आपत्ति/अनुरोध | समिति द्वारा विमर्शोपरान्त मंतव्य एवं अनुशंसा |
|---|---|---|
| (क) | The Affidavit for non-blacklisted status of our firm has not been uploaded while submitting of our bid in the e-procurement portal. | एस0बी0डी0 निविदा का निष्पादन पूर्णतः ऑनलाईन पद्धति से किया जाता है । फलस्वरूप, निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज ऑनलाईन माध्यम से ही अपलोड किया जाना अनिवार्य है । तदुपरान्त, अपलोड किये गये दस्तावेजों के आधार पर ही संबंधित निविदादाताओं के तकनीकी बीड का मूल्यांकन किया जाता है । तद् आलोक में ऑफलाईन माध्यम से समर्पित किये गये कागजात मान्य नहीं है । अतः आपत्ति/अनुरोध स्वीकार योग्य नहीं पाया गया । |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | Kindly note that non submission of the Affidavit for non-blacklisted status of our firm happened because of a clerical error and we have submitted the copy of the Affidavit to the concerned Division within the stipulated time period and we are also attaching herewith copy of the same for your kind reference. | समीक्षोपरान्त पाया गया कि संबंधित दस्तावेज निर्धारित समय–सीमा के अंदर ऑनलाईन अपलोड नहीं किया गया है । अतः आपत्ति/ अनुरोध स्वीकार योग्य नहीं पाया गया । |
| (ग) | Please verify the date of the Affidavit at your end and kindly review the rejection of our Bid while considering the above cited reasons. | Blacklist से संबंधित शपथ पत्र ऑनलाईन पद्धति से अपलोड नहीं कर ऑफलाईन माध्यम से विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना के कार्यालय में जमा किया गया है । उल्लेखनीय है कि ई–निविदा में निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेजों के आधार पर ही तकनीकी बीड का मूल्यांकन किया जाता है । इस हेतु ऑफलाईन माध्यम से जमा किये गये संबंधित शपथ पत्र का जाँच/सत्यापन किया जाना औचित्य से परे है । अतः आपत्ति/अनुरोध स्वीकार योग्य नहीं पाया गया । |

14. <u>दिनांक–06.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसा–</u>

सम्यक् विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली द्वारा समर्पित आवेदन को खारिज करते हुए विभागीय निविदा समिति द्वारा दिनांक–17.04.2026 को लिये गये निर्णय को यथावत् रखते हुए उक्त कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में एकमात्र सफल निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

15. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय–</u>

दिनांक–06.05.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्तर से सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली द्वारा समर्पित आवेदन को खारिज करते हुए विभागीय निविदा समिति द्वारा दिनांक–17.04.2026 को लिये गये निर्णय को यथावत् रखते हुए उक्त कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में एकमात्र सफल निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना के वित्तीय बीड को खोलने का निर्णय लिया गया । तदनुसार, मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें । इसे विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12/6/26 | 12/6/26 | 12/6/26 | 12/6/26 |
| (विकाश कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | (असीम कुमार)<br>मुख्य विद्युत अभियंता–1,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | (असीम कुमार)<br>अभियंता प्रमुख (विद्युत),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | (प्रणव कुमार)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। |

ज्ञापांक–प्र022/भ0वि0प्राक्र0–454/25– 333 (वि0) दिनांक– 12/6/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

12/6/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।